अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 6 मार्च 2017

डॉक्टर व पैरामेडिकल को बताई जीवन बचाने की तकनीक

बरेली। श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में बीएलएस, एसीएलएस प्रोवाईडर कोर्स का समापन हो गया। अंतिम दिन पल्मोनरी, एनेस्थिसिया और क्रिटिकल केयर विभाग का इसमें सहयोग रहा। इस कोर्स में मुख्य रूप से चिकित्सक, नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टॉफ को जीवन संरक्षक प्रणाली व हृदयघात की स्थिति में रोगी को कैसे बचाएं यह बताया गया। इसके लिए डॉ. विवेक और डॉ. शिनोय जोस के नेतृत्व में मेदांता अस्पताल से विशेष अनुभव प्राप्त टीम आई थी। बीएलएस (बेसिक लाइफ सपोर्ट) कोर्स और एसीएलएस (एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट) विषय पर विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न बारीकियों की जानकारी दी गई। रविवार को कोर्स में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की परीक्षा ली गई। यह कोर्स अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त है। आयोजन सचिव डॉ. ललित सिंह ने बताया कि इस कोर्स के आयोजन से उन मरीजों को, जिनको हृदयघात व क्रिटिकल केयर की आवश्यकता होती है विशेष लाभदायक है, इससे उनको फायदा मिलता है।